हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि
बिलासपुर, गुरूवार, 6 नवंबर 2025
[अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

तापमान
अधिकतम 29.0 डिग्री
न्यूनतम 23. 0 डिग्री

विद्युत पॉवर क्रिकेट लीग तृतीय वर्ष का हुआ आगाज
2



## खबर संक्षेप

### पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष अशोक का जांजगीर आगमन आज

**जांजगीर-चांपा।** पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अशोक साहू का प्रथम आगमन जांजगीर चांपा जिला में गुरूवार 6 नवंबर को हो रहा है। मुख्य अतिथि अशोक साहू प्रदेश अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग मोर्चा, श्रीमती कमलेश जांगड़े सांसद लोकसभा, सौरभ सिंह अध्यक्ष खनिज विकास निगम, अंबेश जांगड़े जिलाध्यक्ष भाजपा, नारायण प्रसाद चंदेल पूर्व नेता प्रतिपक्ष, डॉ खिलावन साहू पूर्व विधायक, प्रदेश महामंत्री पिछड़ा वर्ग मोर्चा श्रीमती सत्यलता मिरी अध्यक्ष जिला पंचायत, श्रीमती रेखा देवा गढ़वाल अध्यक्ष नगरपालिका परिषद जांजगीर नैला की उपस्थिति में कार्यक्रम सम्पन्न होगा। कार्यक्रम को लेकर मोहन यादव, धजाराम साहू, श्याम चंदेल ने अधिक से अधिक भाजपा कार्यकर्ताओ को कार्यक्रम मे शामिल होने की अपील की है।

### विभिन्न एजेण्डा पर होगी चर्चा सामान्य सभा की बैठक आज

**जांजगीर-चांपा।** जिला पंचायत के सामान्य सभा की बैठक 6 नवम्बर को समय दोपहर 1 बजे से जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में विभिन्न एजेन्डा पर चर्चा की जाएगी। जिला पंचायत सीईओ गोकुल रावटे ने सभी संबंधित अधिकारियों को अद्यतन जानकारी के साथ बैठक में उपस्थित होने कहा है।

### पटेल जयंती पर जिले में 7 को होगा यूनिटी मार्च का आयोजन

**जांजगीर-चांपा।** लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में प्रदेशभर में युवाओं के माध्यम से राष्ट्रीय एकता, सामाजिक जिम्मेदारी और देशभक्ति की भावना को सशक्त करने के उद्देश्य से यूनिटी मार्च का आयोजन किया जा रहा है। भारत सरकार द्वारा 6 अक्टूबर से प्रारंभ किए गए 150 यूनिटी मार्च कार्यक्रम के अंतर्गत देश के प्रत्येक जिले में पदयात्राओं का आयोजन किया जा रहा है। सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े की उपस्थिति में 7 नवम्बर शुक्रवार प्रातः 8 बजे से यूनिटी मार्च का आयोजन किया जाएगा। यह पदयात्रा नपं राहौद से प्रारंभ होकर नगर पंचायत खरौद होते हुए नगर पंचायत शिवरीनारायण तक निकाली जाएगी।

### लौहपुरूष की जयंती पर भाजपा का सदभावना मार्च 7 को

**जांजगीर-चांपा।** भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय नेतृत्व के आह्वान पर पूरे देश भर में लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। सदभावना मार्च सांसद कमलेश जांगड़े के नेतृत्व में आयोजन 7 नवंबर को सुबह 9 बजे से अटल परिसर राहौद से आरंभ होकर मुख्यमार्ग से धरदेई, लोहर्सी, खरौद,सत्संग भवन शिवरीनारायण में समापन कार्यक्रम होगा।

### पुलिस ने 10 लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**नवागढ़।** पुलिस ने दबिश देकर 10 लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ एक आरोपी को पकड लिया है। मामला नवागढ़ थाना अंतर्गत ग्राम गोधना का है। इस संबंध में नवागढ पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन में जिले में अवैध शराब बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में थाना नवागढ़ पुलिस द्वारा मुखबिर सूचना पर आरोपी उत्तम कश्यप के कब्जे से 10 लीटर अवैध कच्ची महुआ कीमती 25 सौ रुपए को बरामद कर आरोपी के विरुद्ध थाना नवागढ़ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। कार्यवाही में निरीक्षक कमलेश शेन्डे थाना प्रभारी नवागढ़, सउनि भुनेश्वर राठौर आरक्षक, श्याम कुमार शांते, देवराज लसार, रामसरकर कश्यप, प्रधान रक्षक चंद्रकांत कश्यप एवं थाना स्टाफ का योगदान रहा।

# भारतीय कुष्ठ निवारक संघ को गौ रक्षा के क्षेत्र में मिला राज्य अलंकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

सेवा कार्य के लिए अपनी अलग पहचान बना चुके भारतीय कुष्ठ निवारक संघ कात्रेनगर सोंठी को राज्य अलंकरण पुरस्कार मिला है। अहिंसा एवं गौ रक्षा के क्षेत्र में इस बार संस्था को अति यतन लाल पुरस्कार से नवाजा गया है। भारतीय कुष्ठ निवारक संघ आश्रम का संचालन सोंठी में 1962 से किया है रहा है। आश्रम की स्थापना सदाशिव गोविन्द कात्रे ने कुष्ट रोगियों की सेवा के संकल्प के साथ की थी। बाद में दामोदर बापट ने इस मिशन को आगे बढ़ाया। पीड़ित मानवता की सेवा और स्वावलम्बन के लिए आश्रम में कई गतिविधियां संचालित की जा रही है।

इसी कड़ी में 80 के दशक से गौशाला का संचालन कर गो सेवा का कार्य किया जा रहा है। गो सेवा का काम भी आश्रम के कुष्ट रोगी ही करते हैं। गौशाला दर्जनभर गाय के साथ शुरू हुई थी, और वर्तमान में यहां 173 गोवंश हैं। आसपास के गांव के गोवंश को गौशाला में रख कर उनकी रक्षा व सेवा की जा रही है। गाय के गोबर से जैविक खाद बनाई जा रही है। साथ ही गोबर गैस संयंत्र भी लग गया है। गो सेवा के इस कार्य के लिए संस्था को अति यतन लाल राज्य अलंकरण पुरस्कार दिया गया है। राजधानी रायपुर में 5 नवंबर को आयोजित राज्य अलंकरण समारोह में उप राष्ट्रपति सी पी राधाकृष्णन ने संस्था के अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण सोनी को पुरस्कार प्रदान किया। इस मौके पर राज्यपाल रमेन डेका, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### राजधानी रायपुर में उप राष्ट्रपति ने किया सम्मानित






### गौ सेवा से कुष्ठ रोगियों को मिल रहा लाभ

भारतीय कुष्ठ निवारक संघ कात्रेनगर के सचिव सुधीर देव ने बताया कि गौशाला से जहाँ गौ सेवा हों रही है। वहीं आश्रम के कुष्ठ रोगियों को भी इसका सीधा लाभ मिल रहा है। गौ शाला में उत्पादित हर सामग्री का उपयोग आश्रम के कुष्ठ रोगियों के लिए ही किया जाता है। गौशाला से उत्पादित दूध और गो मूत्र से बनी औषधियां कुष्ठ रोगियों को निशुल्क उपलब्ध कराई जाती है। साथ ही जैविक खाद का उपयोग क्रृषि के लिए किया जाता है और गोबर गैस का उपयोग खाना पकने ईंधन के रूप में किया जाता है।

## परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल, जांजगीर व सक्ती जिले में तीन की मौत

# कभी ना भरने वाला जख्म दे गया रेल हादसा, छीना परिवार का सहारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

बिलासपुर रेल हादसे ने कई परिवारों को कभी ना भरने वाला जख्म दे दिया है। जांजगीर व सक्ती जिले में भी इस हादसे ने किसी ने परिवार का सहारा छिन लिया तो किसी के उज्वलव भविष्य के सपने अधूरे रह गए। इस हादसे में जांजगीर एवं सक्ती जिले के तीन लोगों की मौत हुई है।

जिले के पामगढ़ ब्लॉक के कोसा गांव के निवासी रंजीत कुमार की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार रंजीत दो भाइयों में सबसे बड़ा था और परिवार की पूरी जिम्मेदारी उसी के कंधों पर थी। उसके बूढ़े मां-बाप की सेवा से लेकर पत्नी और दो छोटे बच्चों की परवरिश तक का दायित्व वही निभा रहा था। अचल संपत्ति के नाम पर परिवार के पास केवल आधा एकड़ जमीन है, जिससे गुजर-बसर मुश्किल से होती थी। रंजीत मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। ऐसे में उसके असमय निधन ने परिवार को गहरे संकट में डाल दिया है। अब नन्हे बच्चों के सिर से पिता का साया उठ गया है, वहीं बुजुर्ग मां-बाप का सहारा भी छिन गया। घटना के बाद पामगढ़ एसडीएम देवेन्द्र चौधरी प्रशासनिक अधिकारियों के साथ रंजीत के घर पहुंचे। उन्होंने परिजनों से मुलाकात की और ढांढस बंधाया। घटना पर कलेक्टर ने भी संवेदना व्यक्त की है। इधर सक्ती जिले में दो लोगों की मौत इस घटना में हुई है। बुधवारी बाजार सक्ती निवासी लव शुक्ला इस ट्रेन में सवार थे। और हादसे में उसकी मौत हो गई। इसी तरह जैजैपुर के बहेराडीह निवासी प्रिया चंद्रा पिता अशोक चंद्रा की जान हादसे में चली गई। इस तरह से इस घटना में जांजगीर चांपा और सक्ती जिले में तीन मौत हुई है।



परिजनों को ढांढस बंधाने पहुंचे अफसर।

### बिलासपुर रेल हादसे में होनहार छात्रा की मौत, क्षेत्र में शोक की लहर



**जैजैपुर।** बिलासपुर रेल हादसे में जैजैपुर ब्लॉक के बहेराडीह गांव की होनहार छात्रा प्रिया चंद्रा की मौत ने पूरे क्षेत्र को स्तब्ध कर दिया है। समिति कर्मचारी अशोक चंद्रा की बड़ी बेटी प्रिया शुरू से ही पढ़ाई में मेधावी रही थी। पिता ने उसकी लगन और मेहनत को देखते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य के सुनहरे सपने संजोए थे, लेकिन मंगलवार को हुए हादसे ने उन सभी सपनों को पलभर में चकनाचूर कर दिया। जानकारी के अनुसार, प्रिया चंद्रा गुरु घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर में अध्ययनरत थी। वह 4 नवंबर की सुबह अपने गांव से बिलासपुर के लिए निकली थी और लोकल मेमू ट्रेन से सफर कर रही थी और जहां दोपहर करीब 3 बजे हादसे की शिकार हो गई। कानूनी प्रक्रिया पूरी होने के बाद बुधवार 5 नवंबर को प्रिया का पार्थिव शरीर गृह ग्राम बहेराडीह लाया गया। पूरे गांव में शोक का माहौल था। गमगीन वातावरण में पिता ने नम आंखों से अपनी लाडली को अंतिम विदाई दी।

### घायलों का चल रहा उपचार

बिलासपुर के लालखदान में हुए ट्रेन दुर्घटना में जांजगीर चांपा जिले के आधा दर्जन लोग घायल हो गए है। घायलों में अकलतरा निवासी शिक्षक सुमन साहू की बेटी प्रज्ञा साहू उम्र 20 वर्ष, राकेश रोहरा की पत्नी उम्र 55 वर्ष गंभीर रूप से घायल है। इसी प्रकार अकलतरा क्षेत्र के ही ग्राम कापन निवासी विनोद सिंह उम्र 49 वर्ष, श्यामला देवी उम्र 64 वर्ष एवं अंजली साहू के नाम घायलों में शामिल है। नैला चौकी निवासी मेहनीश खान भी ट्रेन हादसे में गंभीर रूप से धायल हुए है। इन घायलों का उपचार बिलासपुर में चल रहा है। इधर बिलासपुर में हुए ट्रेन हादसे के दूसरे दिन बुधवार 5 नवंबर को सुबह 5 बजे से मुंबई हावड़ा मुख्य रेलमार्ग पर ट्रेनों की आवाजाही प्रारंभ हो गई है। वहीं बिलासपुर कोरबा, रायगढ़ रायपुर सहित अन्य जगहों पर रेल यात्रियों की आवाजाही शुरू हो गई है। जांजगीर एवं सक्ती जिले के लोग रेल मार्ग से यात्रा कर रहे है।

### रेल सेवा हुई बहाल

बिलासपुर में हुए ट्रेन हादसे के बाद बुधवार 5 नवंबर सुबह 5 बजे से रेल सेवा बहाल कर दी गई है। वहीं लोग ट्रेनों के माध्यम से आवाजाही प्रारंभ कर दिए है। ट्रेनों के लेटलतीफी की सूचना भी एलाउंस करके दी जा रही है।

-विद्या विनय कुमार,
स्टेशन मास्टर
जांजगीर नैला रेलवे स्टेशन

# पिकनिक मना कर वापस जाते समय पिकअप के पलटने से 7 लोग गंभीर रूप से घायल

## अकलतरा थाना क्षेत्र के ग्राम पडरिया की घटना



हादसे के बाद लगी लोगों की भीड।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

दलहा पहाड़ में स्थित मुनि आश्रम केरा चुंआ में पिकनिक मना कर वापस लौटते समय पिकअप गाड़ी के पलट जाने के कारण पिकअप में सवार ग्राम पड़रिया के 7 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी को इलाज के लिए सिम्स बिलासपुर के लिए रेफर किया गया है।

घटना के संबंध में यह जानकारी मिली कि ग्राम पड़रिया के 20-25 लोग पिकअप क्रमांक में सवार होकर आज सुबह कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर पिकनिक मनाने के लिए दलहा पहाड़ में स्थित मुनि आश्रम केरा चुंआ गए हुए थे। पिकनिक मनाने के बाद शाम 4:00 बजे सभी ग्रामवासी पुनः पिकअप में सवार होकर ग्राम पड़रिया वापस लौट रहे थे। इसी दौरान ग्राम पड़रिया के पूर्व टर्निंग में चालक पिकअप पर नियंत्रण खो बैठा एवं पिकअप खेत में जाकर पलट गया जिससे गाड़ी में सवार कई लोग घायल हो गए। घटना की सूचना मां कर्मा एंबुलेंस के संचालक पारस साहू को मिलने पर चार एंबुलेंस की मदद से सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अकलतरा लाया गया जहां नरेंद्र कुमार उम्र 14 वर्ष, पंचराम कंवर उम्र 40 वर्ष, खगेश कंवर उम्र 15 वर्ष, उत्तम सिंह उम्र 25 वर्ष , अजीत कंवर उम्र 25 वर्ष, राज कंवर उम्र 15 वर्ष ,राहुल कंवर उम्र 13 वर्ष सभी निवासी ग्राम पड़रिया को गंभीर चोट लगने पर चिकित्सकों के द्वारा सिम्स बिलासपुर के लिए रेफर कर दिया गया। दुर्घटना में घायल अन्य लोगों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। ग्राम पड़रिया के लोग 20-25 की संख्या में बुधवार 5 नवंबर की सुबह कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर मुनि आश्रम केरा चुंआ पिकनिक मनाने आए थे एवं वापसी के दौरान टर्निंग में नियंत्रण खोने के चलते पिकअप दुर्घटना का शिकार हो गया। ग्राम वासियों ने बताया कि पिकअप चालक अत्यधिक शराब के नशे में था जिसके चलते वह ग्राम पड़रिया के पहले टर्निंग में पिकअप गाड़ी पर से नियंत्रण खो बैठा और यह दर्दनाक हादसा हो गया।

## डोंगाकोहरौद की बदहाल सड़क को लेकर ग्रामीण करेंगे चक्काजाम कल

डोंगाकोहरौद। डोंगाकोहरौद बलौदा बाजार मुख्य मार्ग की हालत बद से बदतर के चलते ग्रामीणों ने 7 नवंबर को 10 बजे अंबेडकर चौक पर चक्काजाम करने की बात कही है।

बताया जाता है कि तकरीबन 5 किमी की सड़क की हालत अत्यंत ही खराब है। जिसको लेकर जनप्रतिनिधि व ग्रामीणों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन के माध्यम से जल्द मरम्मत नहीं होने पर चक्काजाम करने की चेतावनी दी है। ग्रामीणों ने बताया कि डोगाकोहरौद बलौदा बाजार मार्ग पूरी तरह से जर्जर होने के चलते आवागमन में काफी परेशानी होती है। इसके पूर्व भी डोंगाकोहरौद के ग्रामीणों द्वारा बलौदा बाजार डोंगाकोहरौद सड़क मार्ग की जर्जर हालत को लेकर अधिकारियों को ज्ञापन भी सौंपा जा चुका है।

# सलखन गौठान में 14 मवेशियों की मौत, पुलिस ने की एफआईआर दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

- पशु क्रूरता निवारण अधिनियम के तहत की गई है कार्रवाई

जिले के ग्राम सलखन स्थित गौठान में मवेशियों की सामूहिक मौत के मामले ने प्रशासनिक तंत्र को हिला कर रख दिया है। पुलिस ने इस घटना को गंभीरता से लेते हुए मामले में अपराध पंजीबद्ध कर जांच शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 6 अक्टूबर को ग्राम पंचायत सलखन के गौठान में कई मवेशियों के मृत पाए जाने की सूचना पुलिस को प्राप्त हुई थी। सूचना मिलते ही पुलिस सहायता केंद्र प्रभारी सहायक उपनिरीक्षक रामप्रसाद बघेल हमराह स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे। जांच के दौरान गौठान परिसर में कुल 14 मवेशी 7 गाय और 7 बैल ण्मृत अवस्था में पाए गए। इसके अलावा 5 मवेशियों के कंकाल तथा 3 मवेशी घायल अवस्था में भी मिले, जिनका मौके पर उपचार कराया गया। घटनास्थल का निरीक्षण अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) चांपा यदुमणि सिदार, तहसीलदार, पशु चिकित्सक, हल्का पटवारी एवं अन्य प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति में किया गया। सभी मृत मवेशियों का पंचनामा गवाहों गोपाल कृष्ण कश्यप एवं अंकित तिवारी की मौजूदगी में तैयार किया गया। मृत मवेशियों एवं कंकाल का पोस्टमार्टम वरिष्ठ पशु चिकित्सक, जांजगीर की देखरेख में कराया गया है। प्राथमिक जांच में पाया गया कि गौठान परिसर में चारों ओर झटका तार से घेरा किया गया था, जिसके अंदर ही तालाब स्थित है। प्रथम दृष्टया जांच में गौठान संरक्षक की लापरवाही को मवेशियों की मौत का संभावित कारण माना गया है। इस घटना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय ने उचित जांच एवं वैधानिक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप के मार्गदर्शन तथा अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) चांपा यदुमणि सिदार के नेतृत्व में जांच टीम गठित की गई है। घटना के संबंध में थाना शिवरीनारायण में धारा 325 भारतीय दंड संहिता एवं धारा 11(1)(क) पशु क्रूरता निवारण अधिनियम के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की गई है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मवेशियों की मृत्यु का वास्तविक कारण स्पष्ट नहीं हो सका है, किंतु लापरवाही का तत्व स्पष्ट रूप से सामने आ रहा है।

## शहर से लेकर गांवो के कनेक्शन धारी लोग हो रहे हलाकान

# बिजली का बिल उपभोक्ताओ को दे रहा जोर का झटका, बढ़ गई परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

बिजली का बढा हुआ बिल उपभोक्ताओ को जोर का झटका दे रहा है। प्रतिमाह 3 सौ रूपए आने वाला बिजली बिल इन दिनो 15 सौ रूपऐ से भी अधिक आ रहा है। जिसके कारण गांव से लेकर शहर तक रहने वाले विदयुत उपभोक्ताओ की परेशानी इन दिनो बढ गई है।

गौरतलब है कि बिजली बिल के बढते दामों के कारण इन दिनो उपभोक्ताओ की परेशानी बढा दी है। जिसके कारण इस समय शहर से लेकर गांव तक के विद्युत उपभोक्ता इन दिनो खासे परेशान है। जिन उपभोक्ताओ के घरो में प्रतिमाह 3 सौ से 400 सौ रूपऐ तक के बिजली बिल आने वाले उपभोक्ताओ के घरो में इन दिनो 1 हजार रूपए से लेकर 1 हजार 500 सौ रूपऐ तक का बिजली बिल आ रहा है। छतीसगढ शासन के विद्युत वितरण कंपनी के द्वारा पहले के समय में 400 सौ युनिट तक के फ्री बिजली सेवा सुविधा को समाप्त कर दिया गया है। साथ ही साथ शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रो में बडे पैमाने पर स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य अभी भी चल रहा है। स्मार्ट मीटर लगने के बाद अधिक बिजली का बिल आने की शकायते भी विद्युत मंडल के कार्यालय तक पहुंच रही है। इसके बाद भी उपभोक्ताओ की समस्याओ को लेकर जिम्मेदार विदयुत विभाग के अफसरो को किसी तरह का कोई सरोकार तक नही है। जिसका खामियाजा ग्राहको को भुगतना पड जा रहा है। जिले के तीन विदयुत मंडल के प्रमुख डिविजन जांजगीर ,चाम्पा एवं अकलतरा को मिलाकर करीब 2 लाख से अधिक विदयुत उपभोक्ता शामिल है।




### क्या कहते है उपभोक्ता

बिजली का बिल पहले की अपेक्षा अधिक बढा हुआ मिल रहा है। जिसके कारण उपभोक्ताओ की परेशानी और भी बढ गई है। इस समस्या को लेकर विद्युत उपभोक्ता ग्राम पेन्ड्री निवासी अमृत कश्यप ने बताया कि पहले बिजली का बिल कम आता था लेकिन स्मार्ट मीटर लगने के बाद बिजली बिल अधिक आ रहा है। जिसके कारण परेशानी हो रही है। सुधार कार्य को लेकर बिजली विभाग का कार्यालय भी पहुंचे थे, लेकिन सुधार नही हो पाया। ग्राम कमरीद निवासी जगन्नाथ कश्यप ने बताया कि बढे हुए बिजली बिल के कारण बिल भुगतना करने में परेशानी हो रही है। मुडपार निवासी संतोष साहू ने बताया कि पहले की अपेक्षा बिजली का बिल अधिक आ रहा है। जसके कारण उसे जमा करने में परेशानी हो रही है।

### कराऐगें सुधार

बिजली का बिल उपभोक्ताओ के खपत के अनुसार आ रहा है। जिन उपभोक्ताओ को बिल संबंधित किसी तरह की समस्या हो तो वे संबंधित कर्मचारी से मिलकर सुधार कार्य करवा सकते है।

-अमर चौधरी,
अधीक्षण यंत्री, विद्युत मंडल कार्यालय

# अज्ञात गाड़ी ने बाइक को मारी टक्कर पति-पत्नी गंभीर रूप से घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

नेशनल हाईवे 49 में ग्राम मुरलीडीह के पास बने ओवर ब्रिज में अज्ञात कार चालक के द्वारा बाइक को टक्कर मार दी गई जिससे बाइक सवार पति-पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए। नगर के एक युवक की मदद से घायल पति-पत्नी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अकलतरा लाया गया जहां से उन्हें सिम्स बिलासपुर के लिए रेफर कर दिया गया।

जानकारी मिली कि नगर का एक युवक तस्वीर शर्मा बुधवार की शाम 4:30 बजे बिलासपुर से अकलतरा लौट रहा था। इसी दौरान ग्राम मुरलीडीह के पास नेशनल हाईवे 49 में बने ओवर ब्रिज में लोगों की भीड़ देखकर वह भी रुका। उसने देखा कि भीड़ के बीच में पति-पत्नी गंभीर रूप से घायल पड़े हुए हैं। पूछताछ करने पर घायल दंपत्ति की पहचान ग्राम नंदेली जांजगीर निवासी सुभाष पांडे उम्र 58 वर्ष एवं उनकी पत्नी ममता पांडे उम्र 50 वर्ष के रूप में हुई। इसके बाद तस्वीर शर्मा के द्वारा डायल 112 एवं बीएमओ डॉक्टर महेंद्र सोनी को घटना की सूचना दिए जाने पर शासकीय एंबुलेंस से घायल दंपति को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अकलतरा ले जाया गया। बताया जा रहा है कि जिस गाड़ी से दंपति को टक्कर मारी गई है उसका नंबर घायल दंपत्ति के द्वारा नोट कर लिया गया है एवं पुलिस को इसके बारे में सूचना दी गई है।

## खबर संक्षेप

### चित्रकला प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

**कोरबा।** कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास, कटघोरा में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य छात्राओं में रचनात्मकता, पर्यावरण चेतना और नारी सशक्तिकरण के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम का शुभारंभ अर्नव चटर्जी मुख्य क्षेत्रिय प्रबंधक बिलासपुर, राहुल रमन एमआईएस, शुभम पायरा विक्रय अधिकारी, मनोज अग्रवाल गोमती फ्यूल्स कटघोरा, अजय धनोंदिया अध्यक्ष पत्रकार संघ कटघोरा व अंजू प्रभाकर अधीक्षिका के द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। मनोज अग्रवाल के द्वारा छात्राओं को प्रतियोगिता के नियम बताए गए और उन्हें स्वच्छ भारत, हरित भारत, ऊर्जा संरक्षण तथा नारी सशक्तिकरण जैसे विषयों पर अपनी कल्पनाओं को रंगों के माध्यम से व्यक्त करने के लिए प्रेरित किया गया। आयोजन में कुल 13 छात्राओं ने भाग लिया। कई छात्राओं ने समाज में स्वच्छता और पर्यावरण सुरक्षा का संदेश देती हुई आकर्षक कलाकृतियाँ प्रस्तुत कीं। कुछ चित्रों में महिला सशक्तिकरण की झलक दिखाई दी, तो कुछ ने जल और ऊर्जा बचाने का संदेश दिया। निर्णायक मंडल के द्वारा मिडिल व हाई स्कूल के आधार पर बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्राओं को पुरस्कृत किया। जिनमें कुमारी आन्या, कुमारी योगिता, आकृति कंवर, शारदा कंवर, आराध्या उम्दा प्रदर्शन किये।

### खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स राजस्थान में 24 से

**कोरबा।** पहली बार, बीच वॉलीबॉल, कैनोइंग और कयाकिंग, तथा साइक्लिंग (मेडल स्पोर्ट्स) और खो-खो (डेमोंस्ट्रेशन) पांचवीं खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स का हिस्सा होंगे। पांचवें खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स राजस्थान के सात शहरों में 24 नवंबर से 5 अक्टूबर तक आयोजित होंगे। इसमें 23 मेडल स्पोर्ट्स और एक डेमोंस्ट्रेशन स्पोर्ट (खो-खो) में प्रतियोगिताएँ होंगी। इसी साल कुछ समय पहले में बिहार में हुए खेलो इंडिया यूथ गेम्स की तरह, यूनिवर्सिटी गेम्स भी राजस्थान के सात शहरों जयपुर, अजमेर, उदयपुर, जोधपुर, बीकानेर, कोटा और भरतपुर—में आयोजित होंगे। इस 12 दिनों के यूनिवर्सिटी आयोजन में 5 हजार से अधिक एथलीटों के आने की उम्मीद है। खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स का आयोजन भारतीय विश्वविद्यालय संघ के सहयोग से किया जाता है। युवा मामले एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया ने कहा, खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स भारत के खेल मार्ग में एक महत्वपूर्ण कड़ी हैं। दुनिया भर में विश्वविद्यालय, चैंपियनों को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और केआईयूजी हमारे युवा एथलीटों को राष्ट्रीय स्तर पर अपनी क्षमता दिखाने का मंच प्रदान करता है। इन खेलों का राजस्थान संस्करण भारत के विस्तृत खेल परिदृश्य को उजागर करेगा और वैश्विक स्तर पर राष्ट्र का प्रतिनिधित्व करने की आकांक्षा रखने वालों के लिए पहला कदम साबित होगा।

### विद्युतकर्मियों ने ली राष्ट्रीय एकता की शपथ

**कोरबा।** हसदेव ताप विद्युत गृह (एचटीपीएस) कोरबा पश्चिम के सभी वृत्त कार्यालयों में राष्ट्रीय एकता की शपथ ली गई। विद्युत संयंत्र के तकनीकी भवन में मुख्य अभियंता पीके श्रीवास्तव की उपस्थिति में वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा शपथ ली गई। शपथ में यह दोहराया गया कि मैं राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए स्वयं को समर्पित करूंगा और अपने देशवासियों के बीच यह संदेश फैलाने भी भरसक प्रयत्न करूंगा। देश के प्रथम उप प्रधानमंत्री एवं गृहमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल के योगदान को रेखांकित करने के लिए ही उनकी जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जाता है। सरदार वल्लभभाई पटेल अपनी कर्मठता और दृढ़ इच्छाशक्ति से लौहपुरुष माने जाते हैं। उन्होंने देश में स्वतंत्रता के बाद के मुश्किल हालातों में अपनी सूझबूझ और फौलादी इरादों से 562 रियासतों का भारत में विलय कराया। इस तरह उन्होंने अखंड भारत का निर्माण किया।

### कटघोरा वनमंडल के पसान रेंज के तनेरा गांव से मिली थी सूचना

# बेबी एलीफेंट के घायल होने की मिली थी सूचना ड्रोन से खोजता रहा विभाग, झुण्ड में हो गया शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के कोरबा व कटघोरा वनमंडल में लगभग 90 हाथियों का झुंड विचरण कर रहा है। जिसमें से कटघोरा वनमंडल में एक बेबी एलीफेंट के घायल होने की सूचना वन विभाग के अफसरों के कानों तक पहुंची थी और विभाग की टीम ने बेबी एलिफेंट की निगरानी के लिए ड्रोन कैमरा व अन्य संसाधनों के साथ वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची थी। पिछले दो दिनों से बेबी एलिफेंट की पहचान करने की कोशिश की गई लेकिन इस बीच में बेबी एलिफेंट अपने झुण्ड में शामिल हो गया है। जिससे ऐसा अनुमान लगाया जा रहा है कि बेबी एलिफेंट पूरी तरह से स्वस्थ हो चुका है। किसी भी बेबी एलीफेंट के घायल होने के साक्ष्य नहीं पाए गए हैं। फिर भी एहतियात के तौर पर वन विभाग की टीम लगातार उसके झुण्ड के साथ-साथ सभी झुण्डों की विशेष निगरानी करने में जुटा हुआ है।

उल्लेखनीय है कि कोरबा व कटघोरा वनमंडल में लगभग 90 हाथियों का झुण्ड विचरण कर रहा है। बताया जाता है कि दो दिनों पहले कटघोरा वनमंडल के पसान रेंज के अंतर्गत आने वाले जलके सर्किल के तनेरा बीट में एक बेबी एलीफेंट के लंगड़ा कर चलने और घायल होने की सूचना कुछ ग्रामीणों ने कटघोरा वनमंडल अधिकारी कुमार निशांत को दी थी। बेबी एलीफेंट के घायल होने के सूचना पाते ही कटघोरा वनमंडलाधिकारी अलर्ट मोड पर आ गए और अपने अधीनस्थ अधिकारी कर्मचारियों की विशेष टीम और स्वयं कटघोरा डीएफओ अपनी टीम के साथ पसान रेंज जा पहुंचे और ड्रोन कैमरे के माध्यम से घायल बेबी एलीफेंट की निगरानी के लिए जुटे रहे लेकिन वन विभाग को बेबी एलिफेंट नहीं मिला। कटघोरा वनमंडलाधिकारी कुमार निशांत के सामने ऐसी संभावना जताई है कि बेबी एलिफेंट पूरी तरह से स्वस्थ हो चुका है और वह अपने झुंड में शामिल हो चुका है। वन विभाग की टीम लगातार हाथियों के झुंड पर विशेष नजरें बनाई हुई है कि किसी भी हाथी को यदि कोई चोट या फिर अस्वस्थ हो तो उसके स्वास्थ्य बेहतर करने की दिशा पर प्रयास किया जा सके। वन विभाग की टीम इन हाथियों की निगरानी के लिए विशेष दस्ते का भी गठन किया है।


निरीक्षण के दौरान वन विभाग के अधिकारी।

#### कोरबा में 39 हाथियों का झुण्ड कर रहा है विचरण

कटघोरा वनमंडल में जहां 50 से अधिक हाथियों को झुण्ड विचरण कर रहा है तो वहीं दूसरी ओर कोरबा वनमंडल में 39 हाथियों का झुंड विचरण कर रहा है। जिसमें सबसे ज्यादा करतला रेंज के कोटमेर और बड़मार 38 हाथियों का झुंड विचरण कर रहा है। इन हाथियों की निगरानी के लिए वन विभाग की टीम लगातार वनांचल क्षेत्र में विचरण कर रही है व ग्रामीणों को सावधान कर रही है। फसल पककर तैयार हो चुका है। ऐसे में ग्रामीणों के खेतों में घुसकर हाथी फसलों को चौपट कर रहे हैं जिससे ग्रामीणों को भारी नुकसान हो रहा है। बताया जाता है कि कोरबा वनमंडल में एक लोनार हाथी जो झुण्ड से अलग है। मंगलवार की देर शाम लोनार हाथी कोरबा वन परिक्षेत्र के ग्राम दरगा में आ धमका है जिसके निगरानी के लिए वन विभाग की टीम जुटी हुई है।

#### खड़ी फसलों को हो रहा है नुकसान

कोरबा कटघोरा वनमंडल में लगभग 100 हाथियों का झुण्ड विचरण कर रहा है और वनांचल क्षेत्र सहित ग्रामीण क्षेत्रों में फसल पककर तैयार हो चुका है और किसान अपनी 6 महीने की मेहनत की कटाई करने में लगे हैं लेकिन अभी काम शुरुआती दौर पर है ऐसे में फसल खेतों में ही खड़ी हुई है और किसी भी किसान के खेत में जैसे ही झुण्ड पहुंच रहा है किसानों की खड़ी फसलों को हाथी पूरी तरह चट कर रहे हैं। हालांकि वन विभाग द्वारा क्षतिपूर्ति की राशि दी जाती है लेकिन पर्याप्त क्षतिपूर्ति की राशि नहीं होने से ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार फसल क्षति मुआवजा बढ़ाने की मांग उठ रही है।

## ग्रामीणों को घर बुलाकर देवी देवताओं के खिलाफ टिप्पणी करने वाले तीन के खिलाफ मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक पास्टर अपने दो अन्य साथियों के साथ मिलकर ग्रामीणों को अपने घर में बुलाकर धर्म परिवर्तन के लिए बरगला रहे हैं साथ ही हिन्दू देवी देवताओं के खिलाफ टीका टिप्पणी कर रहे हैं। ग्रामीण की शिकायत पर पुलिस ने पास्टर सहित तीन लोगों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

पाली थाना क्षेत्र के ग्राम पटपरा निवासी श्यामलाल सारथी उम्र 60 वर्ष पिता बीरू सारथी ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसके मोहल्ले में विगत 1 वर्ष से पास्टर दूहन सिंह यादव पोंडी तुमान से गनपत कंवर के घर आ रहा है। विगत 10-15 दिन से मोहल्ले की 20-25 महिलायें हर रविवार को गनपत कंवर के घर जाती है। 31 अक्टूबर की शाम लगभग 4 बजे दूहन सिंह यादव मोहल्ले में गनपत कंवर के घर आया और श्यामलाल से बात करते हुए उसने कहा कि घर से शिवलिंग को बाहर फेंको उससे कुछ नहीं होता है, ईसा मसीह को मानों उससे घर में सुख शांति रहेगी परिवार की सारी समस्या दूर हो जायेगी। गनपत कंवर और उसकी पत्नी कुमारी कंवर मोहल्ले की 20-25 महिलाओं को अपने घर बुलाकर दूहन सिंह यादव के माध्यम से हिन्दू देवी देवताओं के खिलाफ टिप्पणी कर रहें हैं। श्यामलाल की बहू गंगा बाई को भी धर्म परिवर्तन करने हेतु भ्रम में डाल दिये है जिससे वह भी हर रविवार को प्रार्थना सभा में जाती है। पास्टर दूहन सिंह यादव, गनपत कंवर और कुमारी कंवर तीनों हिन्दू देवीं देवताओं को अपमानित कर ईसाई धर्म अपनाने के लिये लोगों को बरगला रहें हैं। श्यामलाल की शिकायत पर पुलिस ने दूहन सिंह यादव, गनपत कंवर और कुमारी कंवर के विरुद्ध धारा 299, 3 (5) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

### युवक घर से अचानक हुआ गायब, पुलिस जुटी खोजबीन में



**कोरबा।** एक 27 वर्षीय युवक घर से अचानक गायब हो गया है। परिजनों को भी समझ में नहीं आ रहा है कि आखिर वह कहां गुम हो गया है। परिजनों ने अनहोनी की आंशका जताई है और मामले की शिकायत पुलिस से की है। पुलिस मामले में गुम युवक की खोजबीन शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत इंडस्ट्रियल एरिया निवासी पंकज दिव्य 27 वर्ष पिता देवनारायण दिव्य 2 अक्टूबर को घर से अचानक लापता हो गया है। परिजनों इस मामले की लिखित शिकायत सिविल लाइन पुलिस से की है जिस पर पुलिस ने मामले में गुम इंसान का मामला दर्ज कर ली है।

## विद्युत पॉवर क्रिकेट लीग तृतीय वर्ष का हुआ आगाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

विद्युत पॉवर क्रिकेट लीग के तीसरे वर्ष का शुभारंभ सीएसईबी कोरबा पूर्व के फुटबॉल मैदान में किया गया। जिसका उद्घाटन मैच कोरबा पश्चिम और मड़वा के बीच हुआ, जिसमें कोरबा पश्चिम की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया और निर्धारित 18 ओवरों में 105 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने मड़वा की टीम ने 6 विकेट खोकर 17 ओवरों में ही 106 रनों के लक्ष्य को प्राप्त कर लिया और इस लीग का पहला जीत हासिल किया। मड़वा की ओर से सीनियर खिलाड़ी अभय मिश्रा ने 51 गेंदों में शानदार 50 रन बनाकर अपनी टीम की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत गृह के मुख्य अभियंता संजीव कंसल ने प्रतियोगिता की सराहना करते हुए सभी खिलाड़ियों को खेल भावना से खेलने की बात कही। क्षेत्रीय क्रीड़ा सचिव अध्यक्ष एलएन सूर्यवंशी ने सभी खिलाड़ियों की सराहना करते हुए कहा कि सीएसईबी कोरबा पूर्व के खिलाड़ियों के सभी खेलों के लिए एक सर्वसुविधायुक्त खेल मैदान होने की बात कही जिस पर मुख्य अभियंता संजीव कंसल ने अपनी ओर से इसके लिए हरसंभव प्रयास करने की बात कही। अतिरिक्त मुख्य अभियंता संचालन संधारण सुनील सरना ने क्रिकेट प्रतियोगिता की सराहना की और सभी खिलाड़ियों को खेल के क्षेत्र में विद्युत कंपनी का नाम रोशन करने की बात कही। इस अवसर पर क्षेत्रीय क्रीड़ा सचिव पीआर वारते और मुख्य रसायनज्ञ गोवर्धन सीदार ने भी इस क्रिकेट प्रतियोगिता की सराहना की और सभी खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ खेलने का सुझाव दिया। इस प्रतियोगिता का दूसरा मैच रायपुर रीजन और अंबिकापुर रीजन के बीच खेला गया जिसमें अंबिकापुर की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया और निर्धारित 18 ओवरों में 105 रन बनाए, लक्ष्य का पीछा करने उतरी रायपुर रीजन की टीम ने 14 ओवरों में 6 विकेट खोकर आसानी से जीत हासिल की। इस प्रतियोगिता के लिए कोरबा पूर्व क्रिकेट टीम के कप्तान सरोज राठौर, सुदेश्वर देवांगन, शैलेश चौधरी, संतोष सिंह, सागर देवांगन, शैलेन्द्र पैकरा, गजेन्द्र पवार, विजित सूरी, पवन दास, घनश्याम साहू, सी एस जायसवाल, मनोज यादव, प्रवेश पाठक, सतीश वर्मा, छगन कुमार और सभी खिलाड़ियों ने योगदान दिया।


खिलाड़ियों को पुरस्कृत करते अतिथि।

### दो साल से नहीं बनी गौठान की तस्वीर बदलने की कार्ययोजना

**कोरबा।** पूर्व सरकार के समय तैयार किए गए ग्रामीण अंचल के गौठानों को लेकर बीते दो वर्ष से किसी तरह की कार्ययोजना नहीं बनाए जाने के कारण कई एकड़ में तैयार किए गए गौठान बेजान पड़े हुए हैं जबकि इन गौठानों को महिला शक्ति केंद्र के रुप में विकसित करने की बाते सामने आयी थी किंतु अब तक जनपद पंचायतों से लेकर ग्राम पंचायत तक कोई निर्देश नहीं मिले हैं। महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए पूर्व सरकार के समय रीपा योजना लागू की गई थी। इसके तहत जिले के ग्रामीण अंचलों में आवारा मवेशियों को रखने के लिए गौठान बनाए गए थे। एक गौठान में कम से कम एक से दो एकड़ जमीन अधिग्रहित की गई थी। इसके अलावा गौठानों के मवेशियों के लिए चारा तैयार करने के लिए भी जमीनें अधिग्रहित की गई थी दोनों ही जमीन इस समय बेजान पड़ी हुई है। सरकार बदलने के बाद नई सरकार के द्वारा इन गौठानों को महिला सक्ति केंद्र के रुप में तैयार करने के संबंध में जानकारी दी गई थी। समय समय पर राज नेताओं के दौरे के दौरान गौठानों को लेकर स्वरोजगार केंद्र बनाने जैसी योजना बनाने की बाते भी कही गई थी लेकिन बीते दो वर्ष से ऐसी कोई भी कार्ययोजना बनकर सामने नहीं आयी है।

## मड़वा में तेंदुए को लेकर वन विभाग द्वारा की जा रही निगरानी

**जांजगीर-चांपा।** कुछ दिन पूर्व मड़वा पॉवर प्लांट क्षेत्र में तेन्दुए की उपस्थिति की जानकारी प्राप्त हुई थी. जिसके बाद वन विभाग की टीम द्वारा क्षेत्र में लगातार निरीक्षण एवं निगरानी की जा रही थी। पिछले चार दिनो से इस क्षेत्र या इसके आस-पास के किसी भी भाग में तेन्दुए की उपस्थिति नहीं पाई गई है। पशुपालक अपने पशुधन को रात्रि के समय सुरक्षित बाड़ो में रखें। यदि किसी स्थान पर तेन्दुए या किसी अन्य वन्यप्राणी की उपस्थिति का आभास हो, तो तत्काल सूचना उड़दस्ता प्रभारी टेकराज सिदार (अथवा वन परिक्षेत्र कार्यालय को दें। साथ ही व्यक्ति द्वारा वन्यजीव को हानि पहुंचाने, चिढ़ाने, डराने, जाल बिछाने, करंट प्रवाहित करने, या किसी अन्य प्रकार की अवैध गतिविधि करने पर वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 के अंतर्गत कठोर दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी। तेन्दुआ अनुसूची-1 के अंतर्गत संरक्षित वन्यप्राणी है, जिसकी रक्षा और संरक्षण हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

## पार्षद ने किया 4 लाख की लागत से सीसी रोड एवं नाली निर्माण कार्य का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

रविवार को वार्ड पार्षद नरेंद्र देवांगन द्वारा वार्ड क्रमांक 18 कोहड़िया अंतर्गत जोगिया डेरा भवानी मंदिर बस्ती में मरम्मत-संधारण मद से 4 लाख की लागत से प्रस्तावित सीसी रोड एवं नाली निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन किया गया।

इस अवसर पर पार्षद श्री देवांगन ने कहा कि यह कार्य क्षेत्रवासियों की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करेगा और वार्डवासियों को बेहतर सड़क व नाली की सुविधा उपलब्ध कराएगा। भाजपा सरकार के सुशासन में हमारा लक्ष्य कोहड़िया को एक आदर्श मॉडल वार्ड के रूप में विकसित करना है।

इस अवसर पर शाला प्रबंधन समिति सदस्य कपूरचंद पटेल, मंडल उपाध्यक्ष प्यारे लाल साहू, कृष्ण कुमार द्विवेदी, संतोष पटेल, सौंखी मांझी, ललित साहू, जवाहर कोराम, छतराम साहू, महादेव साहू, नितिन यादव, तुषार मानसर, श्रीमती संतोषी साहू, श्रीमती रामकुमारी, श्रीमती तुलसी साहू सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे।


भूमिपूजन करते पार्षद।

## सभी हॉस्पिटल में नर्सिंग होम एक्ट का पालन कराना करें सुनिश्चितः कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर ने समय सीमा की बैठक लेकर विभागीय कामकाज एवं शासकीय कार्यो के क्रियान्वयन स्थिति की विस्तृत समीक्षा करते हुए कार्य प्रगति हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने टीएल के विभागवार लम्बित प्रकरणों की जानकारी लेते हुए शीघ्र निराकरण हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया।

कलेक्टर अजीत वसंत ने जिले के सभी हॉस्पिटल में नर्सिंग होम एक्ट के सभी निर्धारित मानकों का पालन कराना सुनिश्चित कराने के निर्देश सभी एसडीएम को दिए। इस हेतु एसडीएम को राजस्व एवं स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम का गठन कर सभी हॉस्पिटल का निरीक्षण करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने बाल सम्प्रेक्षण गृह के निर्माण कार्य प्रगति की जानकारी लेते हुए शेष कार्यो को शीघ्र पूर्ण करने की बात कही। कलेक्टर ने जिले में दो माह पूर्व डीएमएफ से स्वीकृत व अप्रारम्भ कार्यो की जानकारी तैयार करने के लिए कहा, जिससे इन कार्यो को प्राथमिकता से प्रारम्भ किया जा सके। उन्होंने रेडक्रॉस समिति को ब्लड डोनेशन वाहन उपलब्ध कराने की कार्यवाही भी यथाशीघ्र पूर्ण कराने के लिए कहा। कलेक्टर ने आत्मानंद विद्यालयों में अतिथि शिक्षकों की भर्ती हेतु प्रतीक्षा सूची से मेरिट अभ्यर्थी को शीघ्रता से नियुक्ति प्रदान करने की बात कही। जिससे शेष शिक्षण सत्र में बच्चों की पढ़ाई बेहतर हो पाए। युकियुक्त करण के पश्चात विद्यालयों में जॉइनिंग के लिए शेष शिक्षकों की जानकारी लेते हुए कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

साथ ही जिले के नए स्कूल, आंगनबाड़ी भवन की स्वीकृति से छूटे हुए पंचायतों में नए स्कूल, आंगनबाड़ी भवन की आवश्यकता की जांच कर प्रस्ताव देने की बात कही। आयुष विभाग के पॉलिक्लिनिक में आईपीडी सेवा प्रारम्भ करने की तैयारियों की जानकारी लेकर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित रखने के लिए कहा। उन्होंने जिले के दूरस्थ क्षेत्र रनई व साखों के वनाधिकार के पात्र हितग्राहियों को जल्द से जल्द वनाधिकार पट्टा प्रदान करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने विभिन्न विभागों में समय सीमा के लंबित प्रकरणों का जांच कर निराकरण करने हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया।

#### खास बातें

- आवश्यकता वाले स्थानों में नए पीडीएस गोडाउन निर्माण हेतु प्रस्ताव देने के दिए निर्देश
- पीवीटीजी आवासों में सोलर पैनल लगवाने का कार्य में तेजी लाने कहा गया


बैठक में उपस्थित विभागीय अधिकारी।

TOP IN JANJGIR

जिले में 55 बिस्तरों का
राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति, कोरबा जिले तथा बिलासपुर संभाग के प्रथम एवं एकमात्र बाल्य गहन चिकित्सा विशेषज्ञ
शिशु एवं बाल्यरोग विभाग
24/7
- 0-17 वर्ष तक के बच्चों का आयुष्मान भारत योजना तथा अन्य बीमा कम्पनियो के तहत निःशुल्क इलाज की सुविधा।
- बच्चों से सम्बन्धी सभी सामान्य एवं गंभीर बिमारियों का इलाज, एवं उनका ऑपरेशन
- बच्चों के सभी इमरजेंसी सुविधाएँ जैसे :- आकस्मिक दुर्घटना, जहर खुरानी, सर की चोंट, बिच्छू एवं सर्पदंश, हृदयघात, छाती में भारीपन, गंभीर संक्रमण(इन्फेक्शन), साँस का फूलना, डेंगू, झटके आना, नवजात का गन्दा पानी पी लेना, मलेरिया, इत्यादि।
डॉ. दिलीप जैन
M.B.B.S, D.N.B, I.D.P.C.C.M
बाल्य गहन एवं क्रिटिकल केयर स्पेशलिस्ट
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति तथा कोरबा जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजी (मूत्र एवं किडनी रोग) विशेषज्ञ
जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
यूरोलॉजी विभाग(मूत्र एवं किडनी रोग)
- किडनी, मूत्रनली एवं पेशाब के थैली में पथरी(PCNL, URSL, SPCL, PCCL, RIRS)
- गुर्दा एवं पेशाब की थैली का कैंसर, प्रोस्टेट का बढ़ जाना(TURP),
- पेशाब का बार बार आना व कन्ट्रोल न होना,
- पेशाब में खून व मवाद आना व जलन होना, पेशाब में रूकावट व जलन,
- महिलांओं में खांसने व छींकने से पेशाब लिक होना,
- किडनी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, पेशाब की नली में सिकुड़न व पतली धार होना,
- पुरुष नपुंसकता व बाँझपन, ए.वी.फिस्टुला ऑपरेशन (डायलिसिस हेतु)
- अत्याधुनिक दूरबीन, लेज़र से पथरी व प्रोस्टेट का ऑपरेशन (बिना चिर फाड़ के)
- कैंसर (गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली व टेस्टिस के कैंसर का ऑपरेशन,
दूरबीन पद्धति से मूत्ररोग के सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
डॉ. प्रदीप जैन
MBBS, MS, MCh, DrNB
Urology Mumbai
Urologist, Andrologist & Renal Transplant Surgeon

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
नेत्र रोग विभाग
- आधुनिक कम्प्यूटरों द्वारा आँखों की जाँच
- बिना इंजेक्शन, बिना टाँके, अत्याधुनिक मोतियाबिंद ऑपरेशन
- गरीब के लिए लैंस प्रत्यारोपण की सुविधा
- आँखों के मांस / जाली का ऑपरेशन
- डायबिटिज मरीजों के रेटिना की जाँच की सुविधा
- नासूर का ऑपरेशन, नकली आँख लगाने की सुविधा
- कांच बिंदु का ईलाज एवं ऑपरेशन
- चश्मे की जांच, काले मोतिया की जांच
- आँखों में लालीपन, जलन एवं पुतली के रोगों की जांच
डॉ. संजीता जैन
MBBS, MS, FPRS
OPHTHALMOLOGIST
PHACO & LASIK SPECIALIST
नेत्र रोग विशेषज्ञ

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
दन्त रोग विभाग
जिले की प्रथम एवं एकमात्र ऑर्थोडॉन्टिस्ट
- दाँतों की नसों का ईलाज(Root Canal Treatment- RCT), दर्द रहित दांत निकालना,
- टेढ़े-मेढ़े व बाहर निकले दाँतों एवं जबड़ों का ईलाज(BRACES),
- हड्डी में फिक्स होने वाली बतीसी(IMPLANT), एवं निकालने-लगाने वाली बतीसी(DENTURES)
- आधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई, एवं कृत्रिम दाँत लगाना, लेज़र द्वारा दाँतों में मसाला भरना,
- मुँह न खुलने व कम खुलने का ईलाज, मुँह के छालों का ईलाज(OSMF)
- दाँतों का एक्स-रे, दाँतों की ब्लीचिंग एवं व्हाइटनिंग
- बड़ो एवं बच्चों के दांतो से सम्बंधित सभी प्रकार के समस्याओं का इलाज
डॉ. सुमिता जैन
B.D.S, M.D.S- Orthodontics & Dentofacial Orthopedics (GOLD MEDALIST), M.P.H
दन्त एवं मुख रोग विशेषज्ञ

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग
- एक्सीडेंटल व ट्रॉमा का ईलाज, घुटने और कुल्हे की सर्जरी व प्रत्यारोपण
- हड्डी टूटने की सर्जरी, पैर और पैर की उँगलियों की सर्जरी
- सल्य विधि से स्कोलियोसिस का सर्जरी
- शोल्डर और बाजू की सर्जरी
- कमर दर्द, साइटिका एवं आर्थराइटिस का ईलाज
- गठिया, हड्डी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, बच्चों के समस्त हड्डी रोग का ईलाज
- हड्डियों से सम्बंधित सभी ऑपरेशन एवं जटिल ऑपरेशन का ईलाज आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क
मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर, सर्जिकल आई.सी.यू., आई.सी.यू., मेल-फीमेल वार्ड, वातानुकूलित प्राइवेट एवं सेमी प्राइवेट रूम आदि.
सोनोग्राफी, एक्स-रे, सी-आर्म, पैथोलॅब, फार्मेसी, ई.सी.जी. ई.ई.जी. इस्पाइरोमेट्री एम्बुलेंस सुविधाएँ.
आयुष्मान भारत योजना सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा उपलब्ध
15 किलोमीटर तक एम्बुलेंस सुविधा मुफ्त भर्ती मरीज हेतु

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
- लेप्रोस्कोपी विधि द्वारा बच्चेदानी का ऑपरेशन, 24 घंटे नॉर्मल डिलीवरी और सीजेरियन डिलीवरी
- बार बार गर्भपात होने का ईलाज, बच्चेदानी की बंद ट्यूब को खोलना
- बच्चेदानी की सफाई, मासिक सम्बन्धी बिमारियों का ईलाज
- नसबंदी, यूरिनरी समस्याएं, अनियंत्रित रक्त स्त्राव, असामान्य तौर पर अचानक से रक्त का बहाव बढ़ जाना
- बहुत ज्यादा पसीना आना, स्तन में गठान, गर्भावस्था की सम्पूर्ण जाँच
- परिवार नियोजन सम्बन्धी सुविधाएँ, PCOD का ईलाज, सफ़ेद पानी (ल्यूकोरिया) का ईलाज
- बच्चेदानी थैली, ओवरी के कैंसर व गठान का ईलाज
- निःसंतान दम्पत्तियों का परामर्श एवं इलाज, महिलाओं से सम्बंधित सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
जनरल सर्जरी विभाग
- पेट से सम्बंधित सारी बिमारियों का इलाज, अपेंडिक्स, गैलब्लैडर ऑपरेशन, हाइड्रोसील बवासीर(पाईल्स),
- फिस्टुला, फिसर, आंतो की रुकावट, हार्निया ऑपरेशन, आंत-गुदा सम्बंधी ऑपरेशन,
- आंतों का फटना, वरीकोसील, पुरुष एवं महिला नसबंदी, हेमोरोइड सर्जरी, थायरॉइड सर्जरी,
- सर्कम सीज़र (खतना), ब्रेस्ट(स्तन) कैंसर, पेट एवं मुँह के कैंसर रोग सर्जरी, पित्त की थैली(गॉलब्लेडर) की पथरी का ऑपरेशन, बड़ो एवं बच्चों के समस्त ऑपरेशन
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661




# रोमांस के बाद एडल्ट कॉमेडी लेकर आए मिलाप जावेरी

**मंबई।** रितेश देशमुख, विवेक ओबेरॉय और आफताब शिवदसानी की एडल्ट कॉमेडी फ्रेंचाइजी मस्ती का चौथा भाग 'मस्ती 4' का ट्रेलर मंगलवार को रिलीज हो गया है। 3 मिनट 4 सेकंड के इस ट्रेलर को देखकर पता चलता है कि फिल्म का कॉन्सेप्ट एक बार फिर एडल्ट कॉमेडी ही है। जहां फिल्म के तीनों प्रमुख कलाकार रितेश देशमुख, विवेक ओबेरॉय और आफताब शिवदसानी एडल्ट जोक मारते नजर आएंगे। ट्रेलर में भी कई तरह के एडल्ट जोक सुनाई दे रहे हैं। मस्ती 4 का निर्देशन रोमांटिक फिल्म 'एक दीवाने की दीवानियत' फेम निर्देशक मिलाप जावेरी ने किया है।

लाइफ Style

# यामी

## मेरे लिए दर्शक ही सबसे बड़ा पुरस्कार

एजेंसी ⏭ मुंबई

अभिनेत्री यामी गौतम इन दिनों अपनी आगामी फिल्म हक को लेकर चर्चाओं में बनी हुई हैं। हक अपनी रिलीज के करीब है और यामी फिल्म के प्रमोशन में व्यस्त हैं। विकी डोनर से बॉलीवुड में अपनी शुरुआत करने वाली यामी गौतम ने अपने कॅरियर में कई सराहनीय भूमिकाएं भी निभाई हैं।

अब यामी ने कोई बड़ा अवॉर्ड न जीत पाने पर कहा कि इन पुरस्कारों को खोना उन्हें परेशान नहीं करता। इस दौरान भगवत गीता का जिक्र करते हुए एक्ट्रेस ने कहा कि जितना मैंने भागवत गीता को समझा है, भगवान कृष्ण ने अर्जुन से जो कहा वह सच है। ऐसा नहीं है कि मैं सबसे आदर्श इंसान की तरह इतनी अलग हो गई हूं, लेकिन अगर आपमें सफलता और हारने के डर से अलग होने या किसी और के नजरिए से मान्यता पाने की क्षमता है, तो आप ठीक हैं। मैंने किसी से किसी भी तरह की मान्यता लेना बंद कर दिया है। अगर अवॉर्ड मिलता है तो मैं बहुत अच्छी एक्ट्रेस हूं, वरना शायद नहीं हूं। ऐसा मेरे साथ बिल्कुल भी नहीं है। साल 2013 में आई अपनी पहली फिल्म विकी डोनर के लिए यामी ने बेस्ट डेब्यू फीमेल के कई अवॉर्ड जीते थे। लेकिन, उसके बाद कई बड़े अवॉर्ड्स में नामित होने के बाद भी, यामी उन्हें जीत नहीं पाईं। इस पर अभिनेत्री ने कहा कि अब वह दर्शकों की प्रतिक्रिया से अपनी मान्यता लेती है। मेरे दर्शक मुझे प्यार करते हैं, कुछ निर्देशक और निर्माता मुझ पर दांव लगाने को तैयार हैं, इससे बड़ा पुरस्कार मेरे लिए क्या है। बाकी सब आना जाना है। लेकिन अगर यह किसी को खुश करता है, तो बढ़िया।



हॉलीवुड मसाला



# जोनाथन को मिला अजीब टाइटल

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड अभिनेता जोनाथन बेली को पीपल मैगजीन ने सेक्सिएस्ट मैन अलाइव 2025 का खिताब दिया है। यह जानकारी सोमवार को जिमी फॉलन के शो में शेयर की गई। इस बात की जानकारी जब जोनाथन बेली को लगी तो उन्होंने अपना रिएक्शन दिया। जिमी फॉलन के शो में ब्रिटिश एक्टर जोनाथन बेली ने बताया कि अपने नए खिताब की जानकारी उन्हें साल की शुरुआत में मिली। वह मजाकिया अंदाज में कहते हैं, मैं खुश हूं कि 2025 में पीपल मैगजीन ने मुझे इस खिताब के लिए चुना। मैं इस अचीवमेंट की कद्र करता हूं।



# चाइनाटाउन और वाइल्ड हार्ट से जीता दर्शकों का दिल

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की दिग्गज एक्ट्रेस डायने लैड अब इस दुनिया में नहीं हैं। 200 से अधिक फिल्मों में काम करने वाली अमेरिकी एक्ट्रेस का 89 साल की उम्र में निधन हो गया है। चाइनाटाउन और वाइल्ड एट हार्ट जैसी फिल्मों से दिल जीतने वाली डायने लैड के निधन ने हर किसी को सदमे में डाल दिया है। तीन बार ऑस्कर अवॉर्ड के लिए नॉमिनेशन पा चुकीं एक्ट्रेस की बेटी लॉरा डर्न ने मां के निधन की पुष्टि करते हुए दुखद खबर शेयर की है। लॉरा डर्न ने मां को अद्भुत अभिनेत्री और मां के रूप में एक उपहार बताया है। डायने लैड का वायरल हो रहा आखिरी इंस्टाग्राम पोस्ट कई हफ्ते पहले, 17 सितंबर, 2025 का है। इसमें उन्होंने फैंस के साथ यह खबर शेयर की थी कि उनकी 2020 की फिल्म 'द लास्ट फुल मेजर' को कई प्लेटफार्मों पर ओटीटी रिलीज मिली है।



# एक बार फिर अपराध को मिटाने निकलीं

**मुंबई।** नेटफ्लिक्स की हिट सीरीज 'दिल्ली क्राइम' अपने नए सीजन के साथ वापस लौट रहा है। अब इस सीरीज के तीसरे सीजन का ट्रेलर मंगलवार को रिलीज किया गया है। जिसे देखकर पता चलता है कि इस बार कहानी पिछले दोनों सीजन से ज्यादा इंटेंस और खतरनाक होने वाली है। इस बार डीसीपी वर्तिका चतुर्वेदी (शेफाली शाह) का मुकाबला हुमा कुरैशी से होगा। तीसरे सीजन में कहानी दिल्ली से आगे निकलती है। 2 मिनट 31 सेकंड के ट्रेलर में दिखाया गया है कि देश के अलग-अलग राज्यों की लड़कियों की तस्करी की जा रही है। इन लडकियों के बेचने का काम हुमा (बड़ी दीदी) करती हैं। इस गिरोह का पर्दाफाश करने की जिम्मदारी शेफाली (डीसीपी वर्तिका चतुर्वेदी) को मिलती है। बड़ी दीदी को पकड़ने के लिए डीसीपी वर्तिका चतुर्वेदी अपनी टीम के साथ लग जाती हैं।



# हिंदी फिल्म में काम करेंगे दग्गुबाती

**मुंबई।** बाहुबली फेम अभिनेता व निर्माता राणा दग्गुबाती की प्रोडक्शन कंपनी स्पिरिट मीडिया ने अपनी पांच आगामी फिल्मों की घोषणा कर दी है। सबसे खास बात कि इस लिस्ट में राणा दग्गुबाती के प्रोडक्शन हाउस की पहली हिंदी फिल्म भी शामिल है। इसमें बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता मनोज बाजपेयी नजर आएंगे। राणा दग्गुबाती के स्पिरिट मीडिया की पहली हिंदी फिल्म अरविंद अडिगा के लोकप्रिय उपन्यास 'लास्ट मैन इन टावर' का रूपांतरण होगी। इस फिल्म में मनोज बाजपेयी प्रमुख भूमिका में होंगे। इस फिल्म का निर्देशन अमेरिकी निर्देशक बेन रेखी करेंगे, जिन्होंने पहले आश्रम (2018) और वॉच लिस्ट (2019) का निर्देशन किया था। फिल्म की कहानी भारत की पृष्ठभूमि में नैतिक समझौतों, महत्वाकांक्षाओं और मानवीय रिश्तों की नाजुकता को दर्शाती है।

टीवी मसाला



# मॉर्डन लव की जर्नी दिखाएगा शो स्प्लिट्सविला एक्स-6

**नई दिल्ली।** सीरियल 'कितनी मोहब्बत है' से करण कुंद्रा को पॉपुलैरिटी मिली। इसके बाद वह कई टीवी सीरियल का हिस्सा बने। आगे चलकर रियलिटी शो के होस्ट के तौर पर भी नजर आए। एमटीवी के रोडीज और लव स्कूल को करण कुंद्रा होस्ट कर चुके हैं। जल्द ही वह 'स्प्लिट्सविला एक्स-6' को होस्ट करेंगे। शो में उनकी को-होस्ट सनी लियोनी हैं। 'सप्लिट्सविला एक्स-6' को लेकर करण कुंद्रा काफी एक्साइटेड हैं। एक बातचीत में कहते हैं, 'मैं 6 साल बाद एमटीवी पर वापस आ रहा हूं, यह बिल्कुल घर लौटने जैसा है। सप्लिट्सविला शो तो मुझे हमेशा पसंद है। यह शो मॉर्डन लव की जर्नी को दिखाता है। स्प्लिट्सविला के नए सीजन को सनी लियोनी के साथ होस्ट करना एक शानदार एक्सपीरियंस होगा। मैं यह देखने के लिए एक्साइटेड हूं कि कंटेस्टेंट्स क्या नए ट्विस्ट शो में लेकर लाते हैं। मुझे भरोसा है कि यह सीजन पहले से ज्यादा बोल्ड होगा, सरप्राइज से भरा होगा। करण कुंद्रा ने तनुज विरवानी को सप्लिट्सविला के नए सीजन में रिप्लेस किया है। जहां तक शो के कॉन्सेप्ट की बात है तो इसमें यंग लड़के, लड़कियां एक विला में साथ रहते हैं। यहां पर वह किसी खास शख्स के प्यार को पाने की कोशिश करते हैं। शो के दौरान कंटेस्टेंट्स को कई टास्क भी दिए जाते हैं। शो के आखिरी में एक कपल को विनर बनाया जाता है।

## बिग बॉस 19 बन गया जंग का मैदान

**नई दिल्ली।** बिग बॉस 19 के अपकमिंग एपिसोड के कुछ प्रोमो वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हैं। शहबाज का पारा इन वीडियो में काफी गर्म नजर आ रहा है। वह मालती चाहर और तान्या मित्तल से बहसबाजी करते



दिख रहे हैं। प्रोमो वीडियो में मालती चाहर ने शहबाज को कहा कि वह अमाल का सहारा ले रहा है। इस पर शहबाज ने मालती को दोगला कहा। शहबाज का कहना था कि कम से कम वह किसी के कंधे पर रखकर बंदूक तो नहीं चलता है। दोनों की यह बातचीत धीरे-धीरे झगड़े में बदल गई। अमाल मलिक ने बीच में आकर दोनों को चुप कराना चाहा, लेकिन ऐसा हुआ नहीं। एक और प्रोमो वीडियो में तान्या मित्तल को भी शहबाज ने काफी कुछ सुनाया। वह कहते हैं, 'मैं बताता हूं तान्या की सच्चाई। यह हर बात पर रोती है, लोगों को बताना चाहती है कि मैं कितनी अच्छी हूं।' आगे अशनूर ने भी तान्या पर तंज कसा कि वह सिम्पेथी कार्ड खेल रही है। पिछले हफ्ते बिग बॉस 19 से स्टैंडअप कॉमेडियन प्रणीत मोरे बाहर हुए। इस हफ्ते भी कई प्रतियोगी घर से बाहर होने के लिए नॉमिनेट होंगे। इन दिनों शो में सबसे ज्यादा चर्चा में सिंगर अमाल मलिक, तान्या मित्तल और मालती चाहर हैं।

# आलिया-शर्वरी की फिल्म अल्फा की रिलीज टली




**मुंबई।** आलिया भट्ट, शर्वरी वाघ और बॉबी देओल स्टारर अल्फा की रिलीज टल गई है। वीआरएफ स्पाई यूनिवर्स की यह एक्शन एंटरटेनर पहले इसी साल क्रिसमस के मौके पर रिलीज होने वाली थी। लेकिन अब इसे अगले साल अप्रैल, 2026 तक के लिए पोस्टपोन कर दिया गया है। अब यह फिल्म 17 अप्रैल, 2026 को रिलीज होगी। बताया गया है कि फिल्म के वीएफएक्स का काम अभी बाकी है और इसे बेहतरीन विजुअल एक्सपीरियंस देने के लिए अभी और वक्त लगेगा। 'अल्फा' के साथ ही 'स्पाई यूनिवर्स' में आलिया भट्ट और शर्वरी वाघ की एंट्री होने वाली है। इस फिल्म में अनिल कपूर भी नजर आएंगे, जो हाल ही फ्रेंचाइज की फिल्म 'वॉर 2' में भी नजर आए थे। 'अल्फा' को पोस्टपोन करने का फैसला ऐसे समय आया है, जब फ्रेंचाइजी की पिछली दो फिल्में 'वॉर 2' और 'टाइगर 3' बॉक्स ऑफिस पर उम्मीद के मुताबिक कमाई नहीं कर पाईं। समझा जा रहा है कि मेकर्स ऐसे में सीरीज की अगली फिल्म में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहते हैं। यशराज फिल्म्स के एक प्रवक्ता ने बयान में कहा है,'अल्फा, हमारे लिए बेहद खास फिल्म है और हम इसे सबसे बेहतरीन सिनेमाई अंदाज में दर्शकों के सामने पेश करना चाहते हैं। हमें एहसास हुआ कि वीएफएस में पहले के अनुमान से अधिक समय लगेगा। हम इसमें कोई भी कमी नहीं छोड़ना चाहते हैं और अल्फा को एक ऐसी थिएट्रिकल एक्सपीरियंस बनाना चाहते हैं, जिसे लोग याद रखें।

# किंग में शाहरुख का विलेन राघव और अभिषेक से तगड़ी भिड़ंत, बाप-बेटी मचाएंगे तबाही

*शाहरुख खान ने अपने 60वें जन्मदिन पर अपनी फिल्म 'किंग' के टाइटल को रिलीज किया। अब फिल्म से जुड़ी कुछ बातें निकलकर सामने आई हैं। इनमें सबसे बड़ी बात ये है कि फिल्म में दो टाइमलाइन होंगी। शाहरुख की लाइफ के अलग-अलग फेज दिखाए जाएंगे।*



**मुंबई।** एक रिपोर्ट के मुताबिक, शाहरुख खान के 'किंग' की दो अलग-अलग टाइमलाइन होंगी। कथित तौर पर, एक्टर अपनी लाइफ के कई फेजेस में अपना किरदार निभाते नजर आएंगे। रिपोर्ट की मानें तो शाहरुख खान के किरदार का यंग वर्जन राघव जुयाल से लड़ेगा, जो कथित तौर पर एक खलनायक की भूमिका निभा रहे हैं। इस बीच, रिपोर्ट के अनुसार बड़े किंग विलन अभिषेक बच्चन से भिड़ेंगे। शाहरुख और अभिषेक कई सालों बाद फिर से पर्दे पर साथ नजर आएंगे। दोनों ने आखिरी बार कभी अलविदा ना कहना और हैप्पी न्यू ईयर में साथ काम किया था। वहीं, राघव जुयाल ने हाल ही में शाहरुख के बेटे आर्यन खान के निर्देशन में बनी पहली फिल्म द बैड्स ऑफ बॉलीवुड में अपनी एक्टिंग से सभी को चौंका दिया था। इस फिल्म से शाहरुख की बेटी सुहाना खान बड़े पर्दे पर डेब्यू करेंगी। उन्होंने नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई जोया अख्तर की फिल्म 'द आर्चीज' से अपने एक्टिंग कॅरियर की शुरुआत की थी। पिता-बेटी की इस जोड़ी के अलावा, फिल्म में अनिल कपूर, दीपिका पादुकोण, रानी मुखर्जी, अरशद वारसी, जयदीप अहलावत, जीशु सेनगुप्ता, अक्षय ओबेरॉय, राघव जुयाल, अभय वर्मा और सौरभ शुक्ला भी हैं। सिद्धार्थ आनंद के डायरेक्शन में बनी यह फिल्म अगले साल सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

## बिना बैट थामे, मैदान के बाहर रहकर असली खिलाड़ी बनकर दिखाया

# क्रिकेट बोर्ड के पास नहीं थे पैसे, तब इस एक्ट्रेस ने खुद उठाया पूरा खर्चा

*__नई दिल्ली।__ वो अक्सर कैमरे के सामने मुस्कुराती दिखती थीं। कभी क्रिकेट शो होस्ट करते हुए, कभी किसी इवेंट में अपने स्टाइल से सबका ध्यान खींचते हुए। लेकिन, किसी को नहीं पता था कि कैमरे के पीछे वो कुछ ऐसा कर रही थीं, जो इतिहास में दर्ज हो जाएगा। 2000 के दशक की शुरुआत में जब भारतीय महिला क्रिकेट टीम के पास फंड नहीं था, तब एक टीवी स्टार और एक्ट्रेस ने चुपचाप मदद का हाथ बढ़ाया। आखिर कौन थीं वो बॉलीवुड की इनविजिबल स्पॉन्सर? अगर आप अब तक समझ नहीं पाए हैं तो आपको बता दें कि वह कोई और नहीं, बल्कि बेहद खूबसूरत और ग्लैमरस मंदिरा बेदी हैं।*



### जब पैसों से नहीं दिल से हुई मदद

दरअसल, मंदिरा बेदी ने उस वक्त महिला क्रिकेट टीम को संभाला जब उनके पास जर्नी तक के पैसे तक नहीं थे। उन्होंने अपनी कमाई, यानी पूरी एंडोर्समेंट फीस, टीम को दे दी ताकि खिलाड़ी विदेश में खेल सकें, टिकट खरीद सकें और तैयारी जारी रख सकें। इतना ही नहीं, उन्होंने एक ज्वेलरी ब्रांड को भी टीम के स्पॉन्सर के रूप में जोड़ने में अहम भूमिका निभाई। ये किसी फिल्मी स्क्रिप्ट जैसा था, जहां ग्लैमर वर्ल्ड की स्टार पर्दे के पीछे असली हीरो बन गईं।

### जिसने बदलाव की नींव रखी



मंदिरा बेदी की ये मदद उस समय किसी चमत्कार से कम नहीं थी। जब महिला क्रिकेट को लेकर किसी को भरोसा नहीं था, तब उन्होंने बिना किसी शोर के अपना सब कुछ दांव पर लगा दिया। उनकी वजह से खिलाड़ियों को खेलने का मौका मिला, टीम टूटी नहीं, बल्कि और मज़बूत होती गई। वक्त बीतता गया, हालात बदले और आखिर 2006 में बीसीसीआई ने महिला क्रिकेट को अपने अधीन ले लिया। तब जाकर दुनिया को समझ आया कि कभी किसी ने चुपचाप इस सपने को ज़िंदा रखा था। मंदिरा बेदी ने बिना बैट थामे, मैदान के बाहर रहकर असली खिलाड़ी बनकर दिखाया।

## खबर संक्षेप

### नवगांव में हितग्राहियों को मिला पक्का मकान, चाबी सौंपकर कराया गृह प्रवेश



**तनौद।** नवगांव में हितग्राहियों को मिले पक्के मकान की चाबी सौंपकर गृह प्रवेश कराया गया। छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस और रजत महोत्सव के अवसर पर ग्राम पंचायत तनौद नवागांव मुहल्ला में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत तैयार हुए 4 हितग्राहियों के पक्के मकानों का सामूहिक गृह प्रवेश कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर रामहरि साहू (सेवा सहकारी समिति अध्यक्ष व मिडिया प्रभारी कोडाभाट खरौद) ने सभी लाभार्थियों को मकान की चाबी सौंपकर गृह प्रवेश कराया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास बीसी सुश्री हेमलता देवांगन, सेवा सहकारी समिति अध्यक्ष रामहरि साहू, सचिव अशोक साहू, ग्राम रोजगार सहायक चेतन प्रसाद साहू, आवास मित्र देव कुमार कुम्हार, श्रीमती सहोद्रा बाई पटेल, फिर बाईं सत्यभामा पटेल, भोज राम पटेल, पंचगण एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### सारसकेला में नशामुक्ति जागरुकता रैली आज

**मालखरौदा।** ब्लाक अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत सारसकेला में 6 नवंबर को नशा मुक्ति जागरूकता रैली का आयोजन किया गया है। इसके लिए गांव के ग्रामीण एवं महिला स्वयं सहायता समूह द्वारा पुलिस चौकी फगुरम में ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन उनके द्वारा गांव में अवैध शराब गांजा बिक्री पूर्णता बंद की जाने की मांग किया गया है। साथ ही गंजा तथा शराब बेचने वालों को विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग की है। नशामुक्ति रैली दोपहर 1 बजे गांव के सभी मोहल्ले में भ्रमण करेगी।

### बिर्रा में संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ 10 से

**बिर्रा।** जनपद पंचायत बम्हनीडीह के अंतर्गत ग्राम पंचायत बिर्रा के केरा रोड में कर्ष निवास में श्रीमद् भागवत महापुराण कथा यज्ञ का शुभारंभ सोमवार 10 नवंबर को भव्य कलश यात्रा के साथ होगा। कथा वाचक भागवत वक्ता पंडित राजेंद्र प्रसाद शर्मा टेमर सक्ती वाले होंगे। आयोजन को लेकर आनंद राम कर्ष, श्रीमती छत बाई कर्ष एवं ग्राम वासियों के द्वारा तैयारियां की जा रही है।

### छत्तीसगढ़ नागरिक सुरक्षा फाउंडेशन सक्ती के कार्यकारी अध्यक्ष बने प्रेम लाल



**सक्ती।** शहर के सामाजिक कार्यकर्ता प्रेम लाल पटेल को छत्तीसगढ़ नागरिक सुरक्षा फाउंडेशन का सक्ती जिले का कार्यकारीअध्यक्ष अध्यक्ष नियुक्त किया है। उपरोक्त नियुक्ति संगठन के प्रदेश अध्यक्ष प्रकाश सिंह, आरती सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष संजय रामचंद्र एवं जिला अध्यक्ष रामनरेश यादव द्वारा की गई है। प्रेम पटेल ने नई जिम्मेदारी मिलने पर कहा की जिस विश्वास के साथ फाउंडेशन ने उन्हें कार्यकारी जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौपी है वे पूरी सक्रियता एवं सजगता के साथ अपनी जिम्मेदारियो का निर्वहन करेंगे। गठन कर नागरिक सुरक्षा फाउंडेशन के अन्तर्गत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उनकी नियुक्ति से लोगों में हर्ष व्याप्त है।

## निधन

### मोहनलाल कश्यप



**बिर्रा।** गौरव ग्राम पंचायत मल्दा के प्रतिष्ठित नागरिक मोहनलाल कश्यप का मंगलवार 4 नवंबर को निधन हो गया। वे लगभग 66 वर्ष के थे। वे अपने चार पुत्रों एवं दो बेटियों से भरा पूरा परिवार रोता विलखता छोड़ गए है। वे गौरव ग्राम पंचायत मल्दा के पूर्व सरपंच ननकी राम कश्यप के बड़े भाई थे। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। मुखाग्नि उनके ज्येष्ठ सुपुत्र विष्णु प्रसाद कश्यप ने दी। उनके अंतिम यात्रा में स्वजातीय बंधुओ के अलावा रिश्तेदार और ग्रामवासी बड़ी संख्या में शामिल हुए।

### जगह-जगह हो रहा आम लंगर का आयोजन

# गुरूनानक जयंती पर निकली गुरू ग्रंथ साहिब की शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चांपा

सिख पंथ के संस्थापक एवं प्रथम गुरू गुरूनानक देव जी का प्रकाश पर्व स्थानीय सिख और सिंधी समाज द्वारा बुधवार 5 नवंबर को धूमधाम से परंपरानुसार मनाया गया। इस मौके पर पूज्य सिंधी पंचायत बस्ती एवं सिंधी कॉलोनी द्वारा दोपहर तथा रात्रि में आम लंगर का आयोजन किया गया। दोनों ही समाज द्वारा शाम 6.30 बजे सदर बाजार के सोझीघाट स्थित सिंधी गुरूद्वारे से अरदास पश्चात प्रसाद वितरण के बाद धूमधाम से बाजे-गाजे के साथ पंज प्यारों की अगुवाई में गुरू ग्रंथ साहिब की भव्य शोभायात्रा निकाली गई।

स्थानीय सिख एवं सिंधी समाज द्वारा सिख पंथ के संस्थापक एवं प्रथम गुरू गुरूनानक देव जी की जयंती बुधवार 5 नवंबर को उल्लासपूर्वक मनायी गई। इस दिन पूज्य सिंधी पंचायत बस्ती द्वारा सोझीघाट स्थित सिंधी गुरूद्वारे में दोपहर 1 बजे से आम लंगर का आयोजन किया गया। यहां शाम 6 बजे ज्ञानी सोनु सिंह द्वारा अरदास के बाद उपस्थित श्रद्धालुओं में कड़ा प्रसाद वितरित किया गया। इसके बाद पंज प्यारे बने बिजेन्द्र सिंह जब्बल, गुरविंदर सिंह सलूजा, अमरजीत सिंह खटकर, मंजीत सिंह एवं सतनाम सिंह भामरा की अगुवाई में धूमधाम से बाजे-गाजे के साथ गुरू ग्रंथ साहिब की शोभायात्रा निकाली गई जो नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई रात्रि में तहसील मार्ग स्थित नवनिर्मित पंजाबी गुरूद्वारे पहुंचकर विसर्जित हुई। इसके बाद रात्रि 8 बजे से सिंधी कॉलोनी स्थित सिंधु भवन में भोग साहिब के पश्चात प्रसाद वितरण के साथ ही आम लंगर का आयोजन किया गया। सोझीघाट स्थित सिंधी गुरूद्वारे तथा सिंधी कॉलोनी स्थित सिंधु भवन में आयोजित आम लंगर में बड़ी संख्या में सभी वर्गों के लोगों ने शामिल होकर प्रसाद ग्रहण किया। उधर तहसील मार्ग स्थित नवनिर्मित पंजाबी गुरूद्वारे में गुरूवार 6 नवंबर को सुबह बाहर से आये रागी जत्थे द्वारा शबद-कीर्तन के बाद अरदास के साथ ही दोपहर 1 बजे से आम लंगर का आयोजन किया गया है। सदर बाजार स्थित सिंधी गुरूद्वारे से बुधवार शाम निकाली गई। गुरूग्रंथ साहिब की शोभायात्रा में प्रमुख रूप से पूज्य सिंधी पंचायत बस्ती के अध्यक्ष लक्ष्मणदास थावानी, गंगाराम चंदानी, मोहन गुलाबानी, सच्चानंद थावानी, मनोहर भावनानी, अमरजीत सिंह सलूजा, किशोर गोदेजा, रजनीश सलूजा, बलवीर सिंह ढिल्लो, किशोर मनवानी, होलाराम चंदानी, अशोक खूबवानी, जतिंदर पाल सिंह छाबड़ा, नवीन थावानी, मनोज वीरानी, मनजीत सिंह, सतवीर सिंह सहित बड़ी संख्या में सिख एवं सिंधी समाज की महिलाएं तथा बच्चे शामिल हुए।



गुरु ग्रंथ साहिब की शोभा यात्रा में शामिल श्रद्धालु।

# निकासी व्यवस्था नहीं होने से सड़क पर बह रहा गंदा पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धरदेई

- शीघ्र ही नाली निर्माण नहीं होने पर दी उग्र आंदोलन की चेतावनी

ग्राम पंचायत धरदेई के वार्ड क्रमांक-6 में निकासी व्यवस्था नहीं होने से घरों से निकलने वाला गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है। वार्ड पंच सहित ग्रामीणों ने इसकी सूचना सरपंच एवं सचिव को दी है, बावजूद उनके द्वारा इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। ग्रामीणों ने शीघ्र ही इस दिशा में पहल नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है।

गौरतलब है कि ग्राम पंचायत धरदेई के वार्ड क्रमांक-6 में पूर्व हुए नाली निर्माण से अब पानी निकासी नहीं हो रही है। इसके चलते गली में नाली का गंदा पानी भर जा रहा है। ग्रामवासी नाली के गंदा पानी में आवागमन करने मजबूर है। ग्रामीणों का कहना है कि चुनाव से अब तक पहला मुद्दा नाली निर्माण एवं पानी निकासी का था परन्तु 8 माह बीत जाने के बाद भी पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा इस दिशा में पहल नहीं की जा रही है। वार्ड पंच एवं ग्रामवासियों द्वारा बार-बार आग्रह करने के बाद भी सरपंच एवं सचिव गंभीर नजर नहीं आ रहे है। वार्डवासियों एवं ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि उनके द्वारा सरपंच एवं सचिव को नाली निर्माण की बात कहे जाने पर उनके द्वारा खुद से व्यवस्था करने को कहा जाता है। गंदा पानी घर में घुसने से ग्रामीण परेशान है। उन्होंने शीघ्र ही नाली निर्माण नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है।



सड़क में बहता नाली का गंदा पानी।

### पिकनिक पर बीडीएम गार्डन पहुंचे छात्र-छात्राएं, झूला का उठाया आनंद



**चांपा।** चंद्रावली देवी झांझड़िया मेमोरियल द्वारा संचालित हसदेव पब्लिक स्कूल चांपा के नर्सरी से केजी-2 के समस्त छात्र-छात्राएं 4 नवंबर को सर्वांगीण विकास शिक्षा समिति के अध्यक्ष मोहन गुलाबानी के निर्देशन और प्राचार्य डॉक्टर मुकेश कुमार शर्मा के मार्गदर्शन पर पिकनिक हेतु बीडीएम गार्डन जांजगीर पहुंचे। वहां पर उन्होंने खूब मस्ती करते हुए आनंद उठाये और झूला झूले। म्यूजिक शिक्षक देव सोंझारी ने एक जसगीत का शानदार प्रदर्शन किया। इस गीत पर सारे बच्चे झूम उठे और मस्ती और आनंद सेसराबोर होकर खूब डांस किये। फोटोग्राफी विमल साहू के द्वारा किया गया। इस पिकनिक में कोषाध्यक्ष कमल अग्रवाल प्राचार्य डॉक्टर मुकेश कुमार शर्मा, मैनेजर जवाहरलाल यादव, ट्रांसपोर्ट प्रभारी प्रतापचंद साहू एवं प्री प्राइमरी के सभी अध्यापिकाएं उपस्थित थे।य

## महंगी बिजली दर के विरोध में आम आदमी पार्टी ने किया धरना-प्रदर्शन



**जांजगीर-चांपा।** आम आदमी पार्टी द्वारा बिजली दर की वृद्धि के विरोध में जिला जांजगीर के कचहरी चौक पर धरना प्रदर्शन किया। आम आदमी पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष अभिषेक मिश्रा ने बताया कि छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार आम जनता की परेशानी को नज़र अंदाज कर रही है छत्तीसगढ़ की जनता अनाप शनाप बिजली के बिलों से त्रस्त हो चुकी है साथ ही नए स्मार्ट मीटर के जरिए सरकार प्राइवेट बिजली कंपनियों से साठगांठ कर मनमाना रुपए उपभोक्ताओं से वसूली कर रही है। आम आदमी पार्टी छत्तीसगढ़ द्वारा जनता को हो रही इन परेशानियों पर धरना प्रदर्शन कर एसडीएम जांजगीर के माध्यम से मुख्यमंत्री जी को ज्ञापन सौंपा गया है। जिला अध्यक्ष डॉ हेमंत कश्यप ने कहा कि छत्तीसगढ़ एक बिजली सरप्लस राज्य है, आम जनता को सस्ती बिजली मिलने के बजाय बिजली महँगी करना समझ से परे है। धरना प्रदर्शन को प्रदेश महिला विंग अध्यक्ष श्रीमती मिथिलेश बघेल एवं जिला सचिव विनय गुप्ता नेभी संबोधित किया। धरना प्रदर्शन में लोकसभा अध्यक्ष परमेश्वर प्रसाद सांडे, ललित बघेल परदेशी कश्यप, बीना पटेल, फिरतराम मनहर , ऋषि यादव, अविनाश सिंह, प्रेम नारायण पांडे, राजीव केडिया,प्रिंस दिवाकर, मेलाराम, गणेश बिंद, साहेब लाल यादव, डॉ रामराज कुर्रे, रामकृष्ण कश्यप, सतीश राठौर, रहमैया रत्नाकर गणपत महिलांगे, संतोष कुर्रे, राजा कुर्रे, साथी उपस्थित रहे।

## समाज की एकजुटता से होता है विकास : जायसवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चांपा

- श्रद्धा व उत्साह पूर्वक मनाई गई भगवान सहस्त्रबाहु की जयंती

नगर के कदम्ब चौक स्थित टाउन शाला में भगवान सहस्त्रबाहु की जयंती मंगलवार 4 नवम्बर को मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान सहस्त्रबाहु के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर एवं पूजा-अर्चना की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रगतिशील जायसवाल (कन्नौजिया) कलार समाज के अध्यक्ष जितेंद्र जायसवाल ने की।

अपने उद्बोधन में श्री जायसवाल ने कहा कि समाज की सबसे बड़ी ताकत उसकी एकता और सहयोग की भावना है। उन्होंने सभी समाजजनों से आग्रह किया कि "किसी भी सामाजिक कार्यक्रम को मिलजुलकर मनाना ही सच्ची सेवा है। जब हम एकजुट रहेंगे, तभी समाज का सर्वांगीण विकास संभव है। सामाजिक प्रमुख मनोज राय, विजय जायसवाल एवं जितेन्द्र जायसवाल, बाबूलाल जायसवाल, सीताराम जायसवाल, आशीष जायसवाल एवं राजीव जायसवाल ने जानकारी बताया कि आगामी कल्चुरी कलार महोत्सव की भव्य आयोजन 9 नवम्बर रविवार, प्रातः 9 बजे से कुलदेवी मां महामाया मंदिर प्रांगण रतनपुर बिलासपुर में संपन्न होगा। मनोज राय ने कहा कि आज आवश्यकता है कि हम सब एकजुट रहकर समाज की प्रगति में सहभागी बनें। एकता में ही हमारी पहचान और शक्ति है। विजय जायसवाल ने कहा कि कार्यक्रम ने न केवल भगवान सहस्त्रबाहु की जयंती को श्रद्धा से मनाने का अवसर दिया, बल्कि यह भी संदेश दिया कि समाज के हर वर्ग को संगठित होकर अपने गौरवशाली इतिहास, संस्कृति और परंपराओं को सशक्त बनाना चाहिए। कार्यक्रम के समापन पर सभी उपस्थित जनों ने समाज की उन्नति और एकता के लिए सामूहिक संकल्प लिया। कार्यक्रम में आभार प्रदर्शनबाबूलाल जायसवाल ने किया। इस अवसर पर मनोज राय प्रदेशाध्यक्ष कल्चुरी महासभा, विजय जायसवाल प्रदेशाध्यक्ष कलार महासभा, जितेन्द्र जायसवाल अध्यक्ष प्रगतिशील जायसवाल (कन्नौ.) कलार समाज, डॉ. शरद कौशिक, महासचिव बाबूलाल जायसवाल सदस्य स्थायी समिति राजीव जायसवाल जिलाध्यक्ष कलार महासभा, संतोष जायसवाल अध्यक्ष बम्हनीडीह परिक्षेत्र, योगेश जायसवाल क्षेत्रीय सचिव, कन्नौजिया कलार समाज, रजनीकांत क्षेत्रीय सचिव कन्नौजिया कलार समाज एवं राजपाल पुरस्कृत शिक्षक राजेंद्र कुमार जायसवाल सहित समाज के लोग उपस्थित रहे।



कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि एवं अन्य।

### कांग्रेस ने संतोष गुप्ता को सौंपी बड़ी जिम्मेदारी, बने नुआपाड़ा (उड़ीसा) विधानसभा उपचुनाव के प्रभारी



**जांजगीर-चांपा।** नगर पंचायत राहौद के पूर्व अध्यक्ष और वरिष्ठ कांग्रेसी नेता संतोष गुप्ता को कांग्रेस पार्टी ने महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। पार्टी ने उन्हें उड़ीसा के नुआपाड़ा विधानसभा उपचुनाव का प्रभारी नियुक्त किया है। संतोष गुप्ता लंबे समय से पार्टी संगठन में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। उनकी संगठनात्मक क्षमता और जनसंपर्क कौशल को देखते हुए हाईकमान ने उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं में इस नियुक्ति को लेकर उत्साह देखा जा रहा है। प्रदेश नेतृत्व का मानना है कि उनके अनुभव और रणनीतिक सोच से नुआपाड़ा उपचुनाव में पार्टी को मजबूती मिलेगी। गौरतलब है कि नुआपाड़ा विधानसभा सीट पर जल्द ही उपचुनाव होना है, जिसके लिए कांग्रेस ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं।

## राज्योत्सव में आत्मानंद स्कूल की छात्राओं ने प्रस्तुत किया सुआ नृत्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पामगढ़

छत्तीसगढ़ राज्य के गठन के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में हमारे जिले में रजत महोत्सव 2025 कार्यक्रम का आयोजन जिला प्रशासन द्वारा किया गया। जिसमें जिले के विभिन्न विद्यालयों से छात्र छात्राओं ने अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

इस अवसर पर स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी/ अंग्रेजी माध्यम शासकीय महामाया उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पामगढ़ के छात्राएं कुमारी निधि साहू, ईलिशा सिंह नेताम, हर्षिका यादव , श्रेया विश्वकर्मा , चांदनी श्रीवास , भाविका यादव ,यशस्वी यादव , अंजली यादव , उर्वशी कश्यप, खुशी सांडे , तानी कश्यप , श्रुति पटेल, रोशनी बंजारे, पूर्णिमा भास्कर , पायल जायसवाल , प्राख्या जायसवाल एवं कु.मानसी बंजारे ने छत्तीसगढ़ के लोक परंपरा पर आधारित नृत्य शानदार तरीके से प्रस्तुत कर दर्शकों का दिल जीत लिया और जिले में पामगढ़ का मान बढ़ाया। कार्यक्रम में विद्यालय की छात्राओं ने पारंपरिक छत्तीसगढ़ी सुवा नृत्य प्रस्तुत कर मंच को जीवंत कर दिया। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी ,शिक्षा विद, गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय की शिक्षिका श्रीमती प्रांतिका गोस्वामी प्रधान पाठिका , कु. हर्षा परिहारी व्याख्याता एवं श्री चंद्रशेखर यादव व्याख्याता एवं संस्था के प्राचार्य आर के बंजारे ने सहयोगी के रूप में विद्यार्थियों का उत्कृष्ट मार्गदर्शन किया ।



## छतदार चबूतरा और सीसी रोड निर्माण का भूमि पूजन

**पामगढ़।** जनपद पंचायत पामगढ़ की अध्यक्ष निधि से ग्राम पंचायत पेंड्री में विकास कार्यों की शुरुआत की गई। मंगलवार को यहां 3 लाख रुपये की लागत से छतदार चबूतरा एवं 5 लाख 20 हजार रुपये की लागत से सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमि पूजन कार्यक्रम संपन्न हुआ।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती रंजना मानेश जांगड़े अध्यक्ष जनपद पंचायत पामगढ़ रहीं। उनके साथ जनपद उपाध्यक्ष रूपचंद साहू, सरपंच श्रीमती द्रौपदी रवि वर्मा, पूर्व जनपद सदस्य श्रीमती अनीता साहू, भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता कनक राम जोशी, उपसरपंच तोसेन लहरे, शैलेंद्र खरे, प्रशांत लहरे, रामजी जांगड़े, महिला स्व सहायता समूह की बहनें, एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। भूमि पूजन के अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि ग्राम पेंड्री को महामाया मां की नगरी के रूप में जाना जाता है, और यहां के विकास कार्यों से ग्राम की सुंदरता एवं धार्मिक महत्त्व दोनों में वृद्धि होगी। अध्यक्ष श्रीमती रंजना जांगड़े ने कहा कि जनपद पंचायत की ओर से ग्रामीण अंचलों के समग्र विकास के लिए निरंतर कार्य किए जा रहे हैं, ताकि प्रत्येक ग्राम की मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ किया जा सके।



भूमि पूजन कार्यक्रम में उपस्थित अतिथिगण।

# बच्चों ने देखा हिरण, चीतल, जंगली सुअर के साथ टाइगर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चांपा

- डी.पी.एस. के विद्यार्थियों ने किया कान्हा-किसली टाइगर रिजर्व का शैक्षणिक भ्रमण

चांपा। दिल्ली पब्लिक स्कूल द्वारा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास एवं प्रकृति संरक्षण के प्रति संवेदनशीलता विकसित करने हेतु कान्हा-किसली नेशनल पार्क एवं टाइगर रिजर्व (मध्य प्रदेश, बालाघाट) का तीन दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण आयोजित किया गया। इस भ्रमण में कक्षा 5वीं से 12वीं तक के कुल 64 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

विद्यार्थियों के साथ विद्यालय प्रबंधन समिति की सदस्य श्रीमती स्नेह देवांगन, विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती कल्पना सिंह, शिक्षकगण लोकेश गाबा, प्रीति रंजन, दिगम्बर साहू एवं शिवशंकर बरेठ मार्गदर्शक के रूप में उपस्थित रहे। विद्यार्थियों ने मुक्की गेट स्थित लॉ फोने रिजॉर्ट में ठहरकर जंगल सफारी की तैयारियां कीं। अगली सुबह भोर में सूर्योदय से पूर्व 12 जिप्सियों के काफिले के साथ बच्चों ने कान्हा नेशनल पार्क के अद्भुत जंगल में प्रवेश किया। वहां उन्होंने हिरण, सांभर, बाइसन, बंदर, बारहसिंगा, चीतल, लंगूर, मोर, सियार, जंगली सूअर, जैसे विविध वन्यजीवों के साथ-साथ रॉयल बंगाल टाइगर को उनके प्राकृतिक आवास में देखा। वन्य प्रजातियों, जंगल की हरियाली, सूरज की सुनहरी किरणें, सुबह की ठंडी हवा, पक्षियों के कलरव और कान्हा की वादियों की अद्भुत सुंदरता ने विद्यार्थियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। दिनभर के रोमांचक सफर के बाद संध्या समय बोनफायर, अंत्याक्षरी, नृत्य और संगीत के रंगों से वातावरण गूंज उठा। यात्रा की अंतिम पड़ाव में विद्यार्थियों ने कवर्धा स्थित प्रसिद्ध "भोरमदेव मंदिर" का दर्शन किया, जिसे 'छत्तीसगढ़ का खजुराहो' कहा जाता है। वहां उन्होंने प्राचीन मूर्तिकला, स्थापत्य कला एवं पुरातत्व संग्रहालय का अवलोकन कर, ऐतिहासिक ज्ञान में वृद्धि की। विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष राजकिशोर देवांगन ने इस सफल आयोजन के लिए सभी मार्गदर्शक शिक्षकों एवं विद्यार्थियों की सराहना करते हुए कहा कि "ऐसे भ्रमण बच्चों को पाठ्य पुस्तक से परे सीखने की वास्तविक दुनिया से जोड़ते हैं।" कान्हा की हरियाली ने बच्चों को पर्यावरण संरक्षण का सजीव संदेश दिया।



स्कूल स्टाफ के साथ शैक्षणिक भ्रमण पर पहुंचे छात्र-छात्राएं।




